Bareilly, Monday,
3 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण
GURU PURNIMA

inext

PAGE NO. 08 : LEFT MIDDLE

एसआरएमएस में हेल्थ चेकअप कैंप

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 July): एसआरएमएस मेडिकल कालेज जुलाई में अपना 21वां स्थापना दिवस पर सोमवार से छह दिवसीय स्वास्थ्य मेला आयोजित होगा. यह बात एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कही. उन्होंने कहा कि तीन जुलाई से 8 जुलाई तक संचालित यह स्वास्थ्य मेला इस बार विशेष रूप से बुजुर्गों को समर्पित है. स्वस्थ बुजुर्ग, स्वस्थ परिवार नाम से इस मेले में सुबह नौ बजे से दो बजे के बीच आने वाले सभी बुजुर्गों को निशुल्क रजिस्ट्रेशन के साथ परामर्श निशुल्क प्रदन किया जाएगा. कैंप में सभी छह दिन बुजुर्गों को शुगर, हीमोग्लोबिन, क्रिटिनिन, ईसीजी, एक्स-रे (चेस्ट), हड्डियों की जांच (बीएमडी), श्रवण शक्ति की जांच (ऑडियोमैट्री), पैप स्मियर, आंखों की जांच, मोतियाबिंद एवं ग्लूकोमा की स्क्रीनिंग निशुल्क की जाएगी. इसके साथ ही अन्य जांचों पर भी बुजुर्गों को 25 फीसद की छूट मिलेगी. कैंप में मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक, कान व गला रोग, नेत्र रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, फिजियोथेरेपी व आहार रोग विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे. स्वास्थ्य मेला में प्रतिदिन हेल्थ कैंप के साथ बुजुर्गों के स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर परिचर्चा भी होगी. जिसमें विशेषज्ञ डाक्टर संबंधित विषय पर जानकारी देंगे.